

# मेडिकल कॉलेज भी जाएगा पीपीपी मॉडल में

## सरकार की योजना में जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भी पीपीपी मॉडल में शामिल

**करीब 4 हजार करोड़ के सरकारी मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में संचालन देने की तैयारी**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का. जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर संचालित करने की प्रस्तावित योजना में राजगढ़ मेडिकल कॉलेज को भी शामिल किया गया है. यानी जिस मेडिकल कॉलेज के निर्माण और सुविधाओं पर सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, उसके तैयार होने के बाद संचालन की जिम्मेदारी निजी भागीदार को दिए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है.**

सरकार की योजना प्रदेश के 9 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल पर संचालित करने की है. इनमें राजगढ़ के साथ नीमच, श्योपुर, सिंगरौली और मंडला सहित अन्य मेडिकल कॉलेज शामिल हैं. रिपोर्ट के मुताबिक इन कॉलेजों के निर्माण में सरकारी राशि का बड़ा हिस्सा खर्च हो चुका है. ऐसे में राजगढ़ के निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मॉडल में शामिल किए जाने से इसके भविष्य के संचालन को लेकर जिले में चर्चा शुरू होना स्वाभाविक है.



### राजगढ़ के लिए इसलिए अहम है यह फैसला

जिला मुख्यालय पर बन रहा मेडिकल कॉलेज राजगढ़ जिले के लिए केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की बड़ी उम्मीद से जुड़ा है. मेडिकल कॉलेज के शुरू होने से जिले में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के साथ मेडिकल शिक्षा के अवसर बढ़ने की उम्मीद है. अब पीपीपी मॉडल में शामिल किए जाने की योजना सामने आने के बाद कॉलेज के संचालन का स्वरूप, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, सरकारी नियंत्रण, निजी भागीदार की जिम्मेदारी और भविष्य में चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे होंगे.

### भवन से लेकर मशीनरी तक पर सरकारी निवेश

राजगढ़ में मेडिकल कॉलेज का निर्माण केवल भवन तक सीमित नहीं है. कॉलेज के लिए अस्पताल भवन, मशीनरी, फर्नीचर और अन्य आवश्यक सुविधाओं को विकसित करने पर सरकारी स्तर पर बड़ा निवेश किया जाना प्रस्तावित है. रिपोर्ट में बताया गया है कि संबंधित केंद्रों पर औसतन करीब 325 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं. केंद्र प्रवर्तित योजना के तहत इसमें 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार की हिस्सेदारी बताई गई है. ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस संस्थान के निर्माण और आधारभूत ढांचे पर सरकारी धन लगाया जा रहा है, उसके तैयार होने के बाद उसका संचालन किस व्यवस्था के तहत होगा और निजी भागीदार की जिम्मेदारियां क्या रहेंगी.

### टेंडर के बाद तय होगी संचालन की व्यवस्था

पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों को किस तरह संचालित किया जाएगा, इसके लिए पहले ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त किए जाने की तैयारी है. यही एडवाइजर संबंधित संस्थानों को पीपीपी मॉडल पर चलाने की प्रक्रिया, निजी भागीदार के चयन और उससे जुड़ी शर्तों को तैयार करने में भूमिका निभाएगा. राजगढ़ मेडिकल कॉलेज के मामले में भी यही प्रक्रिया महत्वपूर्ण होगी. निजी भागीदार के चयन के बाद कॉलेज का संचालन किस प्रकार होगा, सरकार की जिम्मेदारी क्या रहेगी और निजी संस्था की भूमिका कितनी होगी, यह सब अनुबंध और तय शर्तों के आधार पर स्पष्ट होगा.

### करीब 4 हजार करोड़ के मेडिकल कॉलेज पीपीपी मॉडल में

सरकार की प्रस्तावित योजना केवल राजगढ़ तक सीमित नहीं है. रिपोर्ट के अनुसार करीब 4 हजार करोड़ रुपए खर्च कर तैयार किए जा रहे 9 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मॉडल पर देने की तैयारी है. इसी क्रम में राजगढ़ मेडिकल कॉलेज को भी योजना में शामिल किया गया है. अब जिले वासियों की निगाहें इस बात पर रहेंगी कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के लिए पीपीपी मॉडल की शर्तें क्या तय होती हैं और सरकारी निवेश से तैयार होने वाले इस संस्थान का संचालन भविष्य में किस व्यवस्था के तहत किया जाता है.

## एक नजर में

### प्रदेश अध्यक्ष और दिग्गी पहुंचे बोड़ा

**बोड़ा 17 सितम्बर, सं.** नगर में मध्यप्रदेश इंकाध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बोड़ा आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया. श्री कृष्णा इंटरप्राइजेज के सामने, बस स्टैंड और कांग्रेस कार्यालय के सामने हजारों की संख्या में कार्यकर्ता फूल-मालाएं, कांग्रेस के झंडे और जीतू पटवारी जिंदाबाद, दिग्विजय सिंह जिंदाबाद के नारों के साथ उपस्थित रहे. इस अवसर पर जीतू पटवारी एवं दिग्विजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारी का आह्वान किया. इस स्वागत समारोह में ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### मरीजों को बांटे फल और बिस्किट

**बोडा 17 सितम्बर, सं.** जन अभियान परिषद पाडल्यादान आदर्श शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति द्वारा आज विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडा पहुँचकर मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए. इस दौरान समिति अध्यक्ष नटवर सिंह शक्तावत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. पच्चीसीया, राजेश राजपूत, राम ठाकुर, जितेंद्र, रामबाबू, गोपाल और मोहनलाल मौजूद रहे. वहीं नर्सिंग स्टाफ से नीलम सोरटे, रेणुका वरकड़े, कविता यादव, किरण राठौड़ और बीरम मेवाडे सहित समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे द्यलापरवाही की भेंट.

### अवैध मदिरा एवं लहान जप्त

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में गत दिवस को वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश देकर कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान आबकारी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 09 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. इन प्रकरणों में लगभग 20 बल्क लीटर मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन विधिवत जप्त किया गया. जप्त सामग्री को आबकारी विभाग द्वारा अपने कब्जे में लिया.

### जमीन का हिस्सा नहीं देने पर बेटे ने मां से की मारपीट, मामला दर्ज

**ब्यावरा 17 सितम्बर, का.** जमीन के हिस्से को लेकर सुठालिया बायपास क्षेत्र में एक बुजुर्ग मां के साथ उनके ही बेटे द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है. आरोप है कि 65 वर्षीय महिला ने जमीन अपने छोटे बेटे के नाम करने से मना किया तो बेटे ने उनके साथ गाली-गलौज की और थप्पड़ मार दिए. बीच-बचाव कर पोते ने दादी को बचाया. इसके बाद आरोपी बेटे ने दोबारा जमीन नाम नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी. पुलिस के अनुसार सुठालिया बायपास निवासी लीलाबाई पत्नी भवानी जाटव (65) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. महिला ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे वह घर पर थीं.इसी दौरान उनका छोटा बेटा डालचंद घर पहुंचा और अपने हिस्से की जमीन उसके नाम करने की बात कही. महिला के अनुसार जब उन्होंने जमीन देने से मना कर दिया तो डालचंद नाराज हो गया. इसी दौरान पोता पीयूष मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव कर अपनी दादी को बचाया. महिला ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद आरोपी जाते समय उसे जमीन अपने नाम नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया.

# लॉज परिसर में युवक ने फांसी लगाई, मौत

## पुलिस ने मामला दर्ज किया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 17 सितम्बर, का.** शहर के गुना बायपास स्थित कमला लॉज परिसर में गुरुवार दोपहर एक 40 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी. उसका शव परिसर में बने टीन शेड के पोल से लटका मिला. घटना दोपहर करीब 2.30 बजे की बताई जा रही है. आसपास के लोगों ने युवक को फांसी पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर सिविल अस्पताल भेजा. पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया.

मृतक की पहचान युधिष्ठिर पांडे (40) के रूप में हुई है. वह जैपली गांव के रहने वाले थे और फिलहाल ब्यावरा की आदर्श नगर कॉलोनी में रहते थे. जानकारी के अनुसार, युधिष्ठिर दोपहर में कमला लॉज परिसर पहुंचे थे. कुछ देर बाद उन्होंने टीन शेड के पोल से फांसी लगा ली.

### मानसिक रूप था परेशान

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव अस्पताल भेजा. युवक के इस कदम के पीछे का साफ कारण अभी सामने नहीं आया है. परिवार वालों के मुताबिक, युधिष्ठिर पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थे. पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है. थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है. घटना के कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस परिवार वालों और आसपास के लोगों से भी जानकारी इकट्ठा कर रही है, ताकि स्थिति साफ हो सके. युधिष्ठिर ब्यावरा के अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र में काम करते थे. उनके परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं. बड़ा बेटा कक्षा 12वीं में पढ़ता है, जबकि छोटा बेटा कक्षा 5वीं का छात्र है. इस घटना के बाद परिवार में दुख का माहौल है.

### पॉलीटेक्निक कॉलेज में रक्तदान किया

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का.** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरूवार को जिला चिकित्सालय, राजगढ़ में रक्तदान किया गया. रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने तथा आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि रक्तदान एक पुनीत सामाजिक कार्य है. जरूरतमंद का जीवन बचाने में योगदान देना चाहिए.

# खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों में दिखा उमंग और उत्साह

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का.** सेवा से संकल्प अभियान के शुभारंभ अवसर पर नमो युवा शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण केंद्र, पीटी कंपनी में नारी आजीविका महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी समूह की दीदियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम में विधायक राजगढ़ अमर सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरिश



कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले सहित खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे. इस दौरान विधायक राजगढ़ श्री यादव ने कहा कि नारी आजीविका महोत्सव के माध्यम से स्व-सहायता समूह की दीदियां महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रही हैं. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर महिलाओं की स्थिति में बदलाव के लिए लंबे समय से प्रयास किए गए हैं. एक समय महिलाओं के प्रति भेदभाव की मानसिकता समाज में दिखाई देती थी, लेकिन केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए गए प्रयासों से इसमें सकारात्मक परिवर्तन आया है.

# मगराना का रपटा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**पडाना 17 सितम्बर, सं.** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत साल 2008 में लाखों रुपये खर्च कर नाले पर यह पुलिया तो बना दी गई, लेकिन न तो इसे ऊंचा बनाया गया, न रेलिंग लगाई गई और न ही सुरक्षा के लिए पिलर तक लगाए गए. हालात यह हैं कि हल्की सी बारिश में ही यह रपटा 4 से 5 फीट पानी में डूब जाता है और आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है. स्थानीय ग्रामीण कालूराम वर्मा, कैलाश नारायण शर्मा, दिनेश पटेल,शंकरलाल मालवीय, जीवन सोलंकी, राजाराम गुर्जर, मनोज विश्वकर्मा,महेश जाट,जाकिर मंसूरी ,अनिल शर्मा ने बताया कि हादसे कई बार हो चुके हैं. एक ट्रक और बस हादसे का शिकार हो चुके है.

### 76 वाला पुल 3 फीट ऊंचा था

ग्रामीणों का आरोप है कि साल 1976 में तत्कालीन सरपंच स्व. रामगोपाल पटेल ने इसी स्थान पर पुराने पत्थरों से एक पुल बनवाया था, जो मौजूदा रपटे से करीब 3 फीट ऊंचा था. उस पुल से 12 महीने आवाजाही सुचारू रहती थी. विभाग ने यह नीचा और खतरनाक रपटा बना दिया. इसी मार्ग से रामपुरिया खेड़ा के कक्षा 5वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राएं रोज पढ़ने के लिए मगराना आते हैं. पुल पर पानी आने से उन्हें 2 से 3 घंटे तक बारिश रुकने और पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है. इस कारण पढ़ाई का नुकसान हो रहा है.

# कलेक्टर ने दूध विक्रेताओं से की चर्चा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 17 सितम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भारतीय किसान यूनियन, दूध विक्रेताओं एवं पशुपालकों के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा कर उनकी मांगों को सुना तथा उनका ज्ञापन प्राप्त किया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों एवं पशुपालकों की वैध मांगों को नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) तक पहुंचाया जाएगा. कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों एवं पशुपालकों की मांगों के प्रति संवेदनशील है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी. उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान उनकी समस्याओं एवं मांगों के संबंध में आवश्यक जानकारी भी ली. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी से अपील की कि कानून-व्यवस्था अपने हाथ में न लें. दूध वितरकों के वाहनों को न रोका जाए तथा किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न की जाए.



# मुख्य सड़क मार्ग बना बकरी बाजार, जाम से लोग परेशान

## दशहरा मैदान खाली होने के बाद भी मेन रोड पर लगता है बाजार

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 17 सितम्बर, सं. नगर की आवास कॉलोनी बालक बालिका छात्रावास के सामने से छापीहेड़ा एवं खिलचीपुर नाका की और जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर बकरी बाजार लगने से आम राहगीर सहित बड़े छोटे वाहन स्कुली विधार्थी परेशानी का सामना करने पर मजबूर है.**

सप्ताहिक लगने वाला हाट बाजार में बकरी बाजार अब लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है. छापीहेड़ा-पचोर मेन रोड पर लगने वाले इस बाजार से हर सप्ताह जाम के हालात बने रहते हैं. सबसे ज्यादा परेशानी इस रोड पर स्थित बालिका -बालक छात्रावास के छात्र-छात्राओं को झेलनी पड़ती है. रोड पर बकरियों और खरीदारों की भीड़ जमा होने से वाहन चालक और राहगीर भी परेशान होते हैं. कई बार जाम को लेकर छोटी-छोटी बातों पर विवाद की स्थिति भी बन जाती है.

स्थानीय वाहन चालकों, आम राहगीरों का कहना है कि बकरियों के बाजार को दशहरा मैदान में शिफ्ट कर दिया जाए तो यातायात व्यवस्था भी सुधरेगी और छात्रावास के बच्चों को भी परेशानी नहीं होगी. नगरवासियों ने प्रशासन और नगर परिषद से मांग की है कि जनहित को देखते हुए बकरी बाजार को जल्द से जल्द मेन रोड से हटाकर दशहरा मैदान में लगाया जाए. सीएमओ देवनारायण दांगी का कहना हैकि चुने की लाइनिंग कराई जावेगी ताकि सड़क पर बकरीयां नहीं खड़ी कर पायेंगे.

**आयोजन** जिले भर में धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा की जयंती, सुठालिया में भव्य चल समारोह निकाला

# विश्वकर्मा जयती को राष्ट्रीय श्रम दिवस घोषित करने की मांग

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 17 सितम्बर, सं. भारतीय मजदूर संघ जिला राजगढ़ द्वारा गुरुवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण, नरसिंहगढ़ में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन कर श्रम, कौशल और सृजन के प्रतीक भगवान विश्वकर्मा का स्मरण किया गया.**

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण, तकनीक एवं श्रम के प्रतीक हैं. राष्ट्र निर्माण में श्रमिकों, कारीगरों और तकनीकी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान है. भारतीय मजदूर संघ लंबे समय से विश्वकर्मा जयंती को राष्ट्रीय श्रम दिवस के रूप में मान्यता




दिए जाने की मांग करता रहा है. इसी क्रम में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की पहल का भी समर्थन किया गया.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बापूजी सुमन (जिला संयोजक, बांधव भारत योजना, जिला राजगढ़) एवं राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नागेंद्र सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों के सम्मान, संगठन की मजबूती एवं राष्ट्र निर्माण में श्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम के संचालन भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री संजय शेखर शर्मा द्वारा किया गया. इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना, पेंशनर संगठन केसर सिंह नागर राज्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री यशवंत यादव, तुलावटी संघ के प्रदेश मंत्री धीरज नगर, जिला अध्यक्ष राजेश मेवाड़, राजेंद्र सिंह,



आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के जिला संयोजक मंगलेश मेहरा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक, कर्मचारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का समापन भगवान विश्वकर्मा के जीवन, उनके योगदान तथा श्रमिक सम्मान के संकल्प के साथ किया गया. उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रमिक हितों की रक्षा एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

### निकाला चल समारोह

**सुठालिया 17 सितम्बर, सं.** नगर में समस्त विश्वकर्मा समाज के बंधुओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा का भव्य चल समारोह निकाला गया ,जो पल्लापुरा मंदिर से प्रारंभ कर सारे नगर से होता हुआ कंचन मैरिज गार्डन में समापन हुआ. सारे नगर में जगह-जगह समाज जनों ने पूजा-आरती करी नगर वासियों ने पुष्प वर्षा से भव्य चल समारोह का स्वागत किया. इस चल समारोह में समाज के सभी प्रबुद्धजन माता-बहनों समाज जनों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सेदारी की.

अंत में कंचन मैरिज गार्डन में भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की गई और इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया. इस मौके पर जिसमें नगर सुठालिया के नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन लोधी, नारायणसिह सालरियाखेडी, अखिलेश पालीवाल और ओम प्रकाश पालीवाल, पार्षद श्री भिलाला सहित गणमान्यजन शामिल हुए.